Class- IX

Subject - Hindi

## Assignment

## धूल (पाठ-1)

प्र01. अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(i) हीरे के प्रेमी तो शायद उसे साफ सुथरा, खराद हुआ, आँखों में चकाचौंध पैदा करता हुआ देखना पसंद करेंगे परन्तु हीरे से भी कीमती जिस नयन तारे का ज़िक्र इस पंक्ति में किया गया है वह धूलि भरा ही अच्छा लगता है। जिसका बचपन गाँव के गलियारे की धूल में बीता हो, वह इस धूल के बिना किसी शिशु की कल्पना कर ही नहीं सकता। फूल के ऊपर जो रेणु उसका श्रृंगार बनती है, वही धूल शिशु के मुँह पर उसकी सहज पार्थिवता को निखार देती है। (अभिजातवर्ग ने प्रसाधन सामग्री में बड़े - बड़े आविष्कार किए, लेकिन बालकृष्ण के मुँह पर छाई हुई वास्तविक गोधूलि की तुलना में वह सभी सामग्री क्या धूल नहीं हो गई?

प्रश्न: 1) हीरे के प्रेमी हीरे को कैसा देखना पसंद करते हैं और क्यों?

2) कवि ने 'धूलि भरे हीरे' किसे कहा है?

3) धूल के बिना शिशु की कल्पना कौन नहीं कर सकता?

4) 'धूल' शब्द के कौन-कौन से समानार्थक शब्द अनुच्छेद में प्रयुक्त हुए हैं?

5) 'नयन - तारा' — मुहावरे का अर्थ बताइए।

6) बालकृष्ण के मुँह पर छाई धूल के सामने क्या बेकार है?

7) 'धूल हो जाना' — मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए।